शाहपुरा में 72.08 प्रतिशत मतदान

शाहपुरा। पंचायती राज चुनाव के दूसरे चरण में शाहपुरा एवं अमरसर पंचायत समिति के पंचायत समिति सदस्य जिला पार्षद सदस्य के चुनाव शांतिपूर्ण आयोजित हुए। रिटर्निंग अधिकारी जेपी बैरवा ने बताया कि शाहपुरा के 63 बूथों पर एवं अमरसर पंचायत समिति सदस्यों के77 बूथों पर एवं जिला सदस्यों के चुनाव शांतिपूर्ण आयोजित हुए। चुनाव सुबह 7:00 शुरू होने के करीब डेढ़ घंटे बाद ही कुंभावास के बूथ संख्या 62 पर मशीन में खराबी आने पर मशीन बदलीगई जिससे करीब 10 मिनट तक मतदान प्रभावित हुआ। मतदान के दौरान जयपुर जिला कलेक्टर संदेश नायक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद मीणा एरिया मजिस्ट्रेट कुलराज मीणा, रिटर्निंग अधिकारी जेपी बेरवा डीएसपी लक्ष्मी नारायण सैनी सहित तहसीलदार दाताराम गुर्जर ने खोरालाड़खानी, पिपलोद नारायण, राडावास ग्राम पंचायत के बूथों पर निरीक्षण किया कर मतदाताओं से शांतिपूर्ण चुनाव एवं व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी ली। श्शाहपुरा पंचायत समिति क्षेत्र में 72.08 प्रतिशत एवं अमरसर पंचायत समिति क्षेत्र में 67.89 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। इस दौरान विधायक मनीष यादव नेवी अपने मत का प्रयोग किया वहीं पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल ने पत्नी सविता बेनीवाल के साथ वोट डाला।

ट्रिपल इंजन सरकार से तीन गुना होगी विकास की रफ्तार : भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री ने डिग्गी कल्याण मंदिर में अपनी पत्नी के साथ दर्शन कर पूजा अर्चना की

जयपुर/टोंक। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने टोंक जिले के डिग्गी में टोंक-सवाई माधोपुर के पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि निकाय चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कार्यकर्ताओं के इसी समर्पण और जनता के आशीर्वाद से भाजपा पंचायत चुनावों में भी शानदार सफलता हासिल करेगी और गांवों में भी ट्रिपल इंजन सरकार से तीन गुना रफ्तार से विकास होगा।

मुख्यमंत्री ने डिग्गी में टोंक व सवाईमाधोपुर के कार्यकर्ताओं से संवाद किया ।

- 'निकाय चुनावों में जीत कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम'
- पंचायत चुनावों में जीत के लिए जुटने का किया आव्हान

उन्होंने कहा कि गांवों का विकास ही विकसित राजस्थान की आधारशिला है। ग्राम विकास संकल्प पत्र-2026 के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत में अटल ज्ञान केंद्र, ग्राम सेवा सहकारी समिति, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, इंटरनेट सुविधा, स्वास्थ्य केंद्र, सोलर लाइट, खेल मैदान और ओपन जिम जैसी सुविधाएं विकसित करने का संकल्प लिया है। आगामी पांच वर्षों में प्रत्येक ग्राम पंचायत में औसतन पांच करोड़ रुपये के विकास कार्य कराने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए सम्मान निधि को बढ़ाकर 12 हजार रुपये करना, 25 लाख ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाना, युवाओं के लिए 15 हजार नए स्कूल भवन व बड़े उद्योगों के माध्यम से रोजगार अवसर सृजित करना हमारा संकल्प है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पिछले पौने तीन वर्षों में टोंक जिले में 3 हजार 841 करोड़ के कार्य करवाए जा रहे है। बीसलपुर परियोजना के तहत 102 करोड़ रुपये से अधिक के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के साथ ही निवाई, डिग्गी और लांबा हरिसिंह में 92 करोड़ रुपये की शहरी पेयजल योजनाओं से जुड़े कार्य करवाए जा रहे है। इसी तरह सवाई माधोपुर जिले में 17 हजार 173 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। सूरवाल से कुस्तला तक 130 करोड़ रुपये की लागत से बाईपास सड़क तथा सवाई माधोपुर व रईथांकलां में 400-400 केवी जीएसएस का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं से कहा कि इन विकास कार्यों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा के ध्वजवाहक और सरकार एवं जनता के बीच मजबूत सेतु हैं। 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' के संकल्प के साथ कार्यकर्ता पंचायत चुनावों में जुटें। मुख्यमंत्री भजनलाल ने कल्याण मन्दिर में किए दर्शन, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डिग्गी स्थित प्रसिद्ध डिग्गी कल्याण मंदिर में पंहुचकर अपनी पत्नी के साथ दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना की। साथ ही प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना भी की। उनके साथ कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी भी मौजूद थे

पावटा में विधायक के आश्वासन पर धरना समाप्त

पावटा। विराटनगर कस्बे के बस स्टैंड के समीप कपड़े की दुकान में लगी भीषण आग से हुए लाखों रुपए के नुकसान के बाद मुआवजे की मांग को लेकर चल रहा धरना समाप्त हो गया। विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने धरनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित व्यापारी को नियमानुसार सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही विधायक ने अपनी ओर से 2 लाख 21 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। विधायक के आश्वासन के बाद व्यापारियों और आमजन ने धरना समाप्त कर दिया। गौरतलब है कि रविवार देर शाम बस स्टैंड के समीप स्थित कपड़े की दुकान में अचानक आग लग गई थी। आग इतनी भीषण थी कि दुकान में रखे कपड़े और अन्य सामान जलकर राख हो गए। इस घटना में व्यापारी को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। घटना के बाद पीड़ित व्यापारी को उचित मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर व्यापारी और स्थानीय लोग दुकान के सामने धरने पर बैठ गए।

- व्यापारी को 2.21 लाख की आर्थिक मदद देंगे कुलदीप धनकड़, सरकारी सहायता दिलाने का भी दिया भरोसा

आगजनी की घटना के बाद व्यापारियों में रोष व्याप्त हो गया। रविवार देर रात पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष देशराज सैनी और सरपंच संघ अध्यक्ष शीशराम दायमा भी मौके पर पहुंचे। धरनार्थियों ने विधायक को मौके पर बुलाने और पीड़ित व्यापारी को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग रखी।

बांसखोह में भाजपा की चुनावी रणनीति पर मंथन, संगठन मजबूत करने पर जोर

बस्सी। आगामी पंचायत समिति चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पंचायत समिति बस्सी की भाजपा प्रभारी रत्ना कुमारी ने बांसखोह में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर चुनावी रणनीति और संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की।

बैठक में रत्ना कुमारी ने कहा कि चुनाव में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जनता से निरंतर संपर्क सफलता का आधार हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और ढाणी-ढाणी तक जनसंपर्क बढ़ाने, आमजन की समस्याएं सुनने तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का आ ान किया।

भाजपा प्रभारी रत्ना कुमारी ने बांसखोह में कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

- रत्ना कुमारी ने कहा कि चुनाव में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जनता से निरंतर संपर्क सफलता का आधार है

उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने और आपसी समन्वय के साथ चुनावी तैयारियों में जुटने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयासों से बस्सी पंचायत समिति क्षेत्र में पार्टी को मजबूत बनाया जाएगा। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने आगामी पंचायत समिति चुनावों में सक्रियता और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी चंद्रमोहन मीणा, सह प्रभारी आलोक पारीक सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राजीविका उत्पादों की ब्रांडिंग और बिक्री के लिए बाजार तक पहुंच बढ़ाने के निर्देश

अलवर। जिला कलैक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बुधवार को राजगढ़ स्थित भारत माता सीएलएफ एवं सीएमटी सेंटर (कम्युनिटी मैनेज्ड ट्रेनिंग सेंटर) का निरीक्षण कर संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने राजीविका उत्पादों की ब्रांडिंग और बिक्री के लिए बाजार तक पहुंच बढ़ाने तथा महिला स्वयं सहायता समूहों की आय में वृद्धि के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलैक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने राजगढ़ कम्युनिटी मैनेज्ड ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण कर संचालित गतिविधियों की जानकारी ली।

जिला कलक्टर ने भारत माता सीएलएफ में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी वीडियो क्लिप और प्रेजेंटेशन के माध्यम से ली। इसके बाद उन्होंने सैनेटरी पैड निर्माण इकाई और प्रशिक्षण केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने सैनेटरी पैड की बिक्री के लिए अधिक से अधिक बाजार और निर्यात के अवसर विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि उत्पादों की पहुंच बढ़ने के साथ महिलाओं को भी आर्थिक लाभ मिल सके।

उन्होंने रामगढ़ की प्याज पाउडर एवं फ्लेक्स परियोजना और गोविंदगढ़ की बकरी पालन परियोजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। जिला कलक्टर ने बकरी पालन परियोजना में उत्पादन बढ़ाने, उत्पादों की बिक्री के अधिक अवसर विकसित करने तथा महिलाओं की आय में वृद्धि करने पर जोर दिया। उन्होंने परियोजना से जुड़ी महिलाओं के अनुभव और प्रशिक्षण का लाभ अन्य महिलाओं तक पहुंचाने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

महर्षि गौतम परमार्थिक सेवा संस्था का गठन

सवाई माधोपुर। श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज, बजरिया सवाई माधोपुर की एक बैठक का आयोजन हुआ । जिसमें सर्वसम्मति से सुरेंद्र शर्मा पत्रकार को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। इसी प्रकार सर्वसम्मति से अनेक पदों पर मनोनयन में संरक्षक पद पर हरिमोहन शर्मा, रिडर ,वैद्य नाथू लाल शर्मा,रमेश पंडित ,प्रहलाद गौतम, हनुमान प्रसाद पंचारिया को मनोनीत किया गया, उपाध्यक्षपद पर बुद्धि प्रकाश गौतम पढ़ाना वाले ,चंद्र मोहन गौतम खाट वाले ,कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र गौतम , महामंत्री मुरली गौतम प्रवक्ता सत्यनारायण हावा को मनोनीत किया। सदस्य के रूप में रमेश चंद्र शर्मा खाट वाले लेखराज शर्मा, पंडित भुवनेश शर्मा , सुरेश चंद बल्लू किला ,दीपक खाट ,अजय कुमार शर्मा, चेतन कुमार शर्मा , दुर्गा शंकर गौतम,आदि का मनोनयन किया।

टोंक में सड़क की समस्या को लेकर लोगों का गुस्सा फूटा

टोंक। जिले में पंचायती राज चुनाव के प्रचार के दौरान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर को ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। मंगलवार रात्रि को नासिरदा में आयोजित भाजपा की नुक्कड़ सभा में सड़क की समस्या को लेकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। भाजपा कार्यकर्ताओं और युवाओं ने मंत्री से दो टूक कहा कि सड़क नहीं बनी तो भाजपा को एक भी वोट नहीं मिलेगा। विरोध बढ़ने पर मंत्री और अन्य भाजपा नेताओं ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

पंचायती राज चुनाव के तीसरे चरण के लिए प्रचार के दौरान वार्ड संख्या 9 से जिला परिषद सदस्य भाजपा प्रत्याशी हंसराज धाकड़ के समर्थन में मंगलवार रात्रि को ऊर्जा मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर, विधायक राजेंद्र गुर्जर सहित कई भाजपा नेता नासिरदा के मानक चौक पर आयोजित जनसभा में पंहुचे, जहां वहां के ग्रामीणों और युवाओं ने बघेरा से हिसामपुर सड़क, श्मशान घाट मार्ग और निर्माणाधीन अटल सेवा पथ के चौड़ीकरण का मुद्दा उठाया। जिसके बाद ग्रामीणो ने कहा कि लंबे समय से इन समस्याओं के समाधान की मांग की जा रही है।

- पंचायती राज चुनाव के प्रचार के दौरान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर को ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा

डीग में159 रिटर्निंग अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया

डीग। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 में निष्पक्ष, निर्भीक और शांतिपूर्ण मतदान कराना प्राथमिकता है। निर्वाचन प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी न हो और प्रत्येक चरण निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरा किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर मयंक मनीष ने बुधवार को मास्टर आदित्येन्द्र जी राजकीय महाविद्यालय, डीग के राधाकृष्णन सभागार में आयोजित रिटर्निंग अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में यह निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की शंका होने पर संबंधित अधिकारियों से तत्काल समाधान प्राप्त करें। जरूरत पड़ने पर जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर (डीएलएमटी) एवं ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर (बीएलएमटी) से मार्गदर्शन लें, ताकि चुनाव संबंधी सभी कार्य नियमानुसार संपन्न हो सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदान ईवीएम मशीन और मतपेटी के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कराया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त मतपत्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी रहेगी।

कलक्टर ने बताया कि 2 नवंबर को मतदान दलों की रवानगी होगी। 3 नवंबर को जिले के सभी जिला परिषद सदस्य पदों के लिए तथा तृतीय चरण के तहत पहाड़ी, कामां एवं बृजनगर पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए मतदान कराया जाएगा।

- 2 नवंबर को रवाना होंगे मतदान दल, 3 नवंबर को जिला परिषद व तीन पंचायत समितियों के लिए मतदान, 4 नवंबर को सरपंच-वार्ड पंच के नामांकन और 5 नवंबर को मतदान व मतगणना

सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए 4 नवंबर को नामांकन प्रक्रिया होगी, जबकि 5 नवंबर को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान और मतगणना कराई जाएगी।

उन्होंने रिटर्निंग अधिकारियों को चुनाव चिह्न आवंटन, मतपत्रों पर निर्धारित तरीके से निशान लगाने, मतगणना और उपसरपंच के अप्रत्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया का भलीभांति अध्ययन करने के निर्देश दिए।

नगर पालिका ने 100 से ज्यादा अतिक्रमियों को नोटिस थमाए

किशनगढ़ बास। दीपावली से पहले नगर पालिका किशनगढ़ बास ने शहर के अतिक्रमणकारियों को बड़ा झटका देते हुए दीपावली धमाका कर दिया है। नगर पालिका ने बिजली घर मोड़ से मोठूका चौक, तोप सर्किल से बासड़ा चौक तक अतिक्रमण के दायरे में आ रहे सैकड़ों आवासीय और व्यावसायिक निर्माणों को चिन्हित कर 7 दिन का नोटिस जारी कर बड़ा ऑफर निकाला है। खुद अतिक्रमण हटाओ, वरना प्रशासन हटाएगा। नगर पालिका का यह नोटिस मिलते ही अतिक्रमणकारियों की रात की नींद और दिन का चैन उड़ गया है और पूरे शहर में हड़कंप मचा हुआ है।

शहर में दीपावली बाद चलाए जाने वाले पीले पंजे को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजीत कुड़ी की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला न्यायालय परिसर में अहम बैठक आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में एसडीएम सत्यवीर सिंह यादव, नगर पालिका ईओ पूजा शर्मा सहित अधिवक्ता व अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में अधिकारियों ने नोटिस की कार्रवाई से न्यायिक अधिकारी को अवगत कराते हुए स्पष्ट कर दिया कि शहर को अतिक्रमण से नियमों के तहत मुक्त कराया जाएगा। दीपावली के बाद अतिक्रमण पर फिर से पीला पंजा चलेगा, यह इस बैठक में साफ हो चुका है। न्यायिक अधिकारी की पैनी नजर, कलेक्टर को लिख चुके हैं पत्र -सूत्रों के अनुसार, सचिव अजीत कुड़ी ने नगर पालिका को साफ शब्दों में कहा है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त करना ही होगा, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। बैठक के बाद न्यायिक अधिकारी की मौजूदगी में जिला न्यायालय गेट से पंचायत समिति गेट तक अवलोकन कर पार्किंग व्यवस्था के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिला न्यायलय गेट से पंचायत समिति तक पार्किंग स्थल बनाए जाने का अवलोकन करते अधिकारी।

- किशनगढ़ बास में बिजली घर मोड़ से मोठूका चौक, तोप सर्किल से बासड़ा चौक तक हटेंगे आवासीय-व्यावसायिक अतिक्रमण

उल्लेखनीय है कि शहर की सबसे बड़ी अतिक्रमण समस्या पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अजीत कुड़ी की पूरी नजर है। वह खुद पिछले कई महीनों से जिला कलेक्टर सहित संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए पत्र लिखते आ रहे हैं। उन्होंने खुद शहर का पैदल भ्रमण कर अवलोकन किया है और बारिश के दिनों में अवरुद्ध नालों के कारण भरने वाले पानी से होने वाली आमजन की परेशानी को अपनी आंखों से देखा है।

नगर पालिका की ओर से चलाए गए अतिक्रमण अभियान को बीच में रोक दिए जाने और दीपावली के बाद चलाए जाने वाले अभियान को लेकर शहर में असमंजस का माहौल बना हुआ था। लेकिन न्यायिक अधिकारी के यहां हुई बैठक के बाद नगर पालिका प्रशासन ने स्थिति साफ कर दी है कि अभियान रुकने वाला नहीं है, बल्कि पहले से और अधिक सख्ती से चलेगा।

नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दीपावली के तुरंत बाद तोप सर्किल से बासड़ा रोड, बिजली घर चौराहे से मोठूका चौक के अलावा गंज रोड, तिजारा रोड, अलवर रोड, खैरथल रोड पर भी मास्टर प्लान के तहत अतिक्रमण चिन्हित कर नोटिस दिए जाएंगे। इन सभी मार्गों पर केंद्र से 40 मीटर के दायरे में आ रहे निर्माणों को हटाया जाएगा।

सार-समाचार

राजगढ़ पंचायत समिति जिला परिषद चुनाव में 60.29 प्रतिशत मतदान

राजगढ़। उपखंड क्षेत्र राजगढ़ मे पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद के चुनाव में मतदान उत्साह एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। क्षेत्र के नाथलवाड़ा,अनावड़ा एवं बिरकड़ी मे ईवीएम बंद होने एवं छिटपुट घटनाओं के अलावा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। राजगढ़ क्षेत्र में जिला कलेक्टर आर्तिका शुक्ला,रिटर्निंग अधिकारी सीमा मीणा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी रतनलाल बंसीवाल, प्रवीण कुमार एवं अन्य के साथ पुलिस उपाधीक्षक देशराज कुलदीप एवं सुपरवाइजरी अधिकारी स्थिति पर निगरानी में लगे रहे। राजगढ़ क्षेत्र में बुधवार प्रात: मतदान की प्रक्रिया धीमी रही, मगर समय गुजरने के पश्चात मतदान में तेजी आई। ग्रामीण क्षेत्र में घूंघट में वोट देने आई महिलाओं की भारी संख्या रही। लोकतंत्र के महापर्व मे दिव्यांग एवं असाध्याय मतदाताओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपनी भागीदारी निभाई। ढिगावड़ा मतदान केंद्र पर पहली बार मत डालने आए युवाओं में भी काफी जोश देखा गया। 128 मतदान केदो पर व्हीलचेयर, चिकित्सा सहायता, पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की आपूर्ति का इंतजाम किया गया। मतदान केदो के बाहर भारी भीड़ को डिस्पर्स करने में अनेक बार पुलिस बल को खासी मशक्कत करनी पड़ी

सांभर में पालिका ने तीव्रगति से टूटी-फूटी सड़कें दुरुस्त करवाई

सांभरझील। सांभर नगर पालिका ने टूटी फूटी सड़कों से आहत आम नागरिकों को अब राहत देने का काम तेज गति से शुरू कर दिया है। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी छगनलाल यादव ने मौके पर जाकर कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान रखने हेतु सफाई निरीक्षक विनोद कुमार पारीक व कुछ स्टाफ को सख्त हिदायत दी है, उनके आदेशों की पालना में मौके पर आज सफाई निरीक्षक विनोद पारीक तड़के न्यू मार्केट, सांभर साल्ट के रेल फाटक पर पहुंचे और रातों-रात बनाई गई तजा सड़क पर से कोई भारी वाहन निकलकर उसे फिर से खराब ना कर दे, इसकी रोकथाम के लिए फाटक को दोनों ओर से बंद करवाया गया तथा खुद ड्यूटी पर रहकर आने जाने वालों को दूसरे साइड से जाने का सही रास्ता बताया। कुछ लोगों ने इसमें हल्का-फुल्का ऑब्जेक्शन किया तो उनसे पारीक ने हाथ जोड़कर निवेदन किया कि भाई साहब थोड़ा सा कॉपरेट करो कुछ घंटों की बात है, यह सड़क आप लोगों के लिए ही बनाई गई है। इसी प्रकार श्याम सुंदर सेठी व उस्मानी हाउस के सामने से बने नाले के आगे तक सड़क को ठीक करवा कर वहां पर आवागमन को कुछ समय के लिए रोकने हेतु यातायात पुलिस के दो बैरिकेट्स भी लगाकर रोड की सुरक्षा करवाई गई। रोड दुरुस्तीकरण के कार्य में ओएसके डायग्नोस्टिक सेंटर के आगे से गुजर रही रोड को क्रॉस करती नाली को लेवल पर लाकर उस पर आने जाने वाले वाहनों के लायक बनाया। पांच बत्ती चौराहे से अजय जोपट के घर के कुछ पहले तक तथा पांच बत्ती से तेली दरवाजा रोड पर भी जगह-जगह पेचवर्क करवा कर सड़क को ठीक करवाया गया।

कालाडेरा में मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता हुई

चौमूं / कालाडेरा । सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय, कालाडेरा में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा, कलात्मक अभिव्यक्ति एवं सांस्कृतिक रुचि को मोटिवेट करने के लिहाज से मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लेते हुए अपनी कलात्मक दक्षता, सृजनशीलता और कल्पनाशीलता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने आकर्षक एवं मनमोहक डिजाइनों के माध्यम से अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में गुड्डू कुलदीप ने प्रथम, रौनक कुमावत ने द्वितीय तथा आशु प्रजापत एवं प्रिया मीणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. किरण बाला, डॉ. दीपिका भंडारी एवं डॉ. ज्योति अरुण शामिल रहीं। इसी क्रम में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने विभिन्न रंगों, आकर्षक आकृतियों और सृजनात्मक संयोजनों के माध्यम से मनमोहक रंगोलियाँ बनाकर अपनी कलात्मक अभिरुचि का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में आरती पारिक ने प्रथम, पूजा चौधरी एवं माहेश्वरी मीणा ने द्वितीय तथा अंजु अटल एवं अंजली यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. सुधा राठी, डॉ. आशा सक्सेना एवं डॉ. वीणा माथुर शामिल रहीं।

टोंक वार्ड नंबर 23 गांवों के कार्यकर्ताओं ने प्रभु बाडोलिया का स्वागत किया

टोंक। शहर के वार्ड नंबर 23 गांवों के कार्यकर्ताओं ने गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा कर अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान पूरा पंडाल भाजपा जिंदाबाद, बादाम प्रभु बाडोलिया जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। गांव को भाजपा के झंडों, बैनरों और फूलों की झालरों से सजाया गया था, गुलाब के फूलों कि विशाल माला से उनका स्वागत व तिलक लगाकर अभिनंदन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने बादाम प्रभु बाडोलिया का विशाल फूल माला पहनाकर स्वागत किया। प्रत्याशी का महिला कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का तिलक लगाकर और फूल बरसाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर लोगों में भाजपा और बादाम प्रभु बाडोलिया के प्रति जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सभी के हाथों में भाजपा का चुनावी घोषणा पत्र और भाजपा के निशान वाले पम्पलेट थे। बादाम प्रभु बाडोलिया समझदार और जमीन से जुड़ी हुए नेता हैं। इस अवसर पर बादाम प्रभु बाडोलिया ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा दलित, शोषित और किसान वर्ग को सम्मान दिया है। जिला परिषद में भाजपा का सदस्य होगा तो गांव-गांव में सड़क, पानी, नाली और शौचालय के काम तेज गति से होंगे। उन्होने कहा कि जीत के बाद वार्ड के विकास के लिए दिन-रात मेहनत करूंगी। कार्यक्रम में भाजपा पार्टी के पंचायत समिति के सभी वार्डो के प्रत्याशी, मंडल अध्यक्ष, कई सरपंच, पंच, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और गांव के ग्रामीण उपस्थित रहे।

फुलेरा की रामलीला को भव्य बनाने की तैयारी, निर्देशन टीम में जुड़े शैलेंद्र शर्मा

फुलेरा। फुलेरा की ऐतिहासिक रामलीला को और अधिक भव्य एवं आकर्षक बनाने के साथ नई पीढ़ी को धार्मिक और सांस्कृतिक संस्कारों से जोड़ने की दिशा में श्री रेलवे रामलीला एवं सांस्कृतिक समिति ने महत्वपूर्ण पहल की है। समिति की प्रबंध संचालन समिति ने सर्वसम्मति से शैलेंद्र शर्मा को रामलीला की निर्देशन टीम में नई जिम्मेदारी सौंपी है। वह वर्ष 2027 की रामलीला के लिए वर्तमान निर्देशक राजेश शर्मा और मुकेश पारीक के साथ मिलकर कार्य करेंगे। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमचंद वर्मा, सचिव देवकीनंदन जांगिड़ एवं प्रबंध संचालन समिति के मनोज आहुजा व दिनेश सुरोलिया ने बताया कि आगामी वर्ष की रामलीला को नए आयाम देने और उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। तीनों निर्देशक अपने अनुभव, समर्पण और कुशल निर्देशन के माध्यम से रामलीला मंचन को अधिक प्रभावशाली बनाने की दिशा में काम करेंगे। वर्ष 2027 की रामलीला की तैयारियों के तहत बच्चों को अभिनय एवं मंचन के लिए तैयार किया जाएगा। साथ ही नई प्रतिभाओं को तराशकर उन्हें रामलीला से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। समिति का उद्देश्य नई पीढ़ी में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों का विकास करने के साथ फुलेरा की ऐतिहासिक रामलीला की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाना है। साथ ही समिति ने विश्वास जताया कि तीनों निर्देशकों के संयुक्त प्रयासों और आपसी समन्वय से रामलीला का मंचन पहले से अधिक भव्य एवं आकर्षक होगा। इससे स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा और फुलेरा की ऐतिहासिक रामलीला नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी।